Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 03-08-2006

Participants : Pandey Dr. Laxminarayan

an>

Title : Need for expansion of Alkaloid factory located at Neemach, Madhya Pradesh.

डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मंदसौर) : उपाध्यक्ष महोदय, देश में विदेशी मुद्रा की पर्याप्त प्राप्ति एवं बचत की दृटि से कोडीन फास्फेट का उत्पादन अत्यधिक महत्वपूर्ण है। कोडीन का उत्पादन अफीम से किया जाता है। इसके उत्पादन हेतु मध्य प्रदेश के नीमच स्थित अल्कालाइड फैक्ट्री है, जहां प्रतिर्वा बड़ी मात्रा में इसका उत्पादन होता है। किंतु मध्य प्रदेश, राजस्थान व उत्तर प्रदेश में अफीम का उत्पादन तथा उसका निर्यात करने की दृटि से अंतर्राट्रीय बाजार में पर्याप्त बिक्री नहीं होने से धीरे-धीरे अफीम का संग्रह बढ़ता जा रहा है, जो कई टनों में है और इस दृटि से कोडीन तथा अफीम के अन्य सह उत्पादों का उत्पादन बढ़ाए जाने की अति आवश्यकता है। सरकार द्वारा इस बारे में नीमच स्थित फैक्ट्री के विस्तारीकरण का मामला हाथ में लिया गया था तथा पूर्व में चल रही एक शिफ्ट को दो शिफ्टों में चला कर उत्पादन बढ़ाया गया तथापि भारत में जितनी कोडीन फास्फेट की मांग है, उसकी पूर्ति नहीं हो पा रही है और विदेशों से आयात करना पड़ रहा है जिस पर भारी विदेशी मुद्रा खर्च होती है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस दृटि से नीमच स्थित अल्कालाइड फैक्ट्री की उत्पादन क्षमता बढ़ाई जाए, ताकि उत्पादित अफीम को स्वदेश में ही खपाया जा सके और विदेशी मुद्रा की भी बचत की जा सके।

विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से यह ज्ञात हुआ है कि सरकार इस कार्य को निजी क्षेत्र में देने पर विचार कर रही है। मैं पुनः अनुरोध करूंगा कि वर्तमान में जो फैक्ट्रियां हैं, वे बहुत अच्छे ढंग से इस कार्य को संचालित कर रही हैं, इसलिए नीमच स्थित फैक्ट्री को ि वस्तारित किया जाए।